रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

www.vananchaleye@gmail.com

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:96 | शुक्रवार, 12 दिसंबर

Email:vananchaleye@gmail.com



## ब्रीफ न्यूज

### छात्रवृत्ति के मुद्दे पर राजनीति कर रहीभाजपा : कमलेश

संवाददाता

रांची : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि भाजपा ओबीसी छात्रों की छात्रवृत्ति के मुद्दे पर लोगों को गुमराह कर रही है। उन्होंने गुरुवार को कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि केंद्र सरकार स्वयं राज्य को छात्रवृत्ति की अदायगी के लिए आवश्यक राशि उपलब्ध नहीं करा रही है, फिर भी भाजपा नेता इस विषय पर संवेदना बटोरने की राजनीति कर रहे हैं। कमलेश ने बताया कि राज्य सरकार ने 2023-24 में केंद्र से 271 करोड़ रुपये की मांग की थी इसी तरह 2024-25 में 253 करोड़ रुपये की मांग के विरुद्ध 33 करोड़ रुपये दिए गए। वर्ष 2025-26 में 370 करोड़ रुपये की मांग पर केंद्र ने मात्र 13 करोड़ रुपये जारी किए। उन्होंने कहा कि यह आंकड़े साबित करते हैं कि भाजपा का प्रचार भ्रामक है और इसका जवाब भाजपा नेताओं को देना चाहिए। उन्होंने बताया कि कांग्रेस और महागठबंधन सरकार छात्रवृत्ति को लेकर बेहद गंभीर है और छात्रों को उनका अधिकारदिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### कोयला खदान से उड़ती धूलकण पर पानी छिड़काएगी सरकार : योगेंद्र

रांची : सदन में प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि अब सभी कोयला खादान या आसपास की सड़कों पर वाहनों के चलने के कारण निकलती और उड़ती धूलकण को देखते हुए क्षेत्र की सड़कों में सुबह-शाम टैंकर से पानी का छिड़काव होगा। इसके साथ ही कोयला ढुलाई करने वाले वाहनों को हर हाल में त्रिपाल ढकने के निर्देश दिया जाएगा। ताकि लोगों को उड़ते धूलकण से श्वांस से संबंधित बीमारियों से जूझना नहीं पड़े। मंत्री विधानसभा के शीताकलीन सत्र के दौरान गुरुवार को दूसरी पाली में झामुमो के विधायक हेमलाल मुर्मू की ओर से लाए गए गैर संकल्प के तहत पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। हेमलाल मुर्मू ने कहा कि पाकुड़ जिला के अमडापाड़ा प्रखंड में कोयला खादान का धूल पूरे क्षेत्रवासियों को प्रभावित करता है। स्थानीय लोग टीबी (यक्ष्मा), हृदय रोग, अस्थमा सहित अन्य श्वांस से संबंधितबीमारियों से जूझ रहे हैं।

### बांग्लादेश में 12 फरवरी को चुनाव, तख्तापलट के डेढ़ साल बाद वोटिंग

बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी को आम चुनाव होंगे। देश के मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिरउद्दीन ने गुरुवार शाम इसका एलान किया। यह चुनाव पूर्व पीएम शेख हसीना के तख्तापलट के डेढ़ साल बाद हो रहा है। 5 अगस्त 2024 को हुए तख्तापलट के बाद हसीना देश छोड़कर भारत आ गई थीं।

# अरुणाचल प्रदेश में भयंकर सड़क हादसा, गहरी खाई में गिरा ट्रक

## घटना में 21 मजदूरों की मौत,घायल व्यक्ति के जरिये दो दिन बाद पुलिस को मिली घटना की सूचना

एजेंसी

इटानगर : अरुणाचल प्रदेश के अंजॉओ जिले के मेतेंगलियांग गांव के पास सड़क से फिसलकर एक ट्रक लगभग 800 मीटर गहरी खाई में पलट गया, जिसके चलते से 21 मजदूरों की मौत हो गई। इस हादसे में घायल एक व्यक्ति के जरिये दो दिन बाद पुलिस को घटना की सूचना मिली, तब रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। घटनास्थल से 17 शव बरामद किए जा चुके हैं और बाकी चार शवों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अनुराग द्विवेदी के अनुसार यह दुर्घटना 8 दिसंबर की रात करीब 9 बजे हुई, जब असम के तिनसुकिया जिले से चागलागाम अपने



कार्यस्थल की ओर जा रहे मजदूरों का एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पूरे दो दिन बाद 10 दिसंबर को जब मजदूर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचे, तो मजदूरों के सहयोगियों ने हयूलियांग पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। इस पर हयूलियांग पुलिस ने लापता मजदूरों का पता लगाने के लिए स्थानीय सूत्रों से संपर्क किया ।खोज के दौरान सीमा सड़क कार्य बल (बीआरटीएफ) शिविर से सूचना मिली कि एक घायल व्यक्ति शिविर में पहुंचा है और उसने बताया है कि जिस ट्रक में वह 21 अन्य लोगों के साथ यात्रा कर रहा था, वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। घायल व्यक्ति को बीआरटीएफ शिविर में प्राथमिक उपचार दिया गया और अब उसकी हालत ठीक है। सेना के प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश के चगलागाम इलाके में बड़ा सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया है। यह ऑपरेशन 10 दिसंबर को देर रात मिली जानकारी के आधार पर शुरू किया गया था। यह दुर्घटना हायुलियांग- चगलागाम रोड पर 40वें किमी. के पास हुई है, जो चगलागाम से लगभग 12 किमी. दूर मुश्किल इलाके में है और कनेक्टिविटी भी कम है। कठिन इलाके और खराब विज़िबिलिटी के बावजूदभारतीय सेना, सिविल प्रशासन और अन्य एजेंसियों के साथमिलकर बाकी लोगों का पता लगाने और तुरंत मदद देने की पूरी कोशिश कर रही है।सेना, बीआरओ, स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन की बचाव टीमों ने दुर्घटनास्थल पर खोज और बचाव कार्य आरंभ किया है। अंतिम सूचना मिलने तक 17 शव बरामद किए जा चुके हैं और बाकी शवों को निकालने का प्रयास जारी है। मृतकों में बुधेश्वर दीप, राहुल कुमार, समी दीप, जॉन कुमार, पंकज मानकी, अजय मानकी, विजय कुमार,

## सीएम हेमंत सोरेन ने शीतकालीन सत्र के समापन भाषण में विपक्ष पर साधा निशाना

# विपक्ष के पास न मुद्दा है, न तर्क है और न ही सवाल

संवाददाता

रांची : सीएम हेमंत सोरेन ने शीतकालीन सत्र के समापन भाषण में विपक्ष को निशाने पर रखा। कहा कि विपक्ष का काम सरकार के कामों का आइना दिखाना है लेकिन ये सदन से गायब हैं। सरकार के अभी एक साल पूरे नहीं हुए हैं। लेकिन एक साल में लंबी गाढ़ी लकीर खींच दी है। राज्य के सर्वांगीण विकास की राह में तेजी से चलना शुरू कर दिया है। ये शीतकालीन सत्र ही नहीं बल्कि न भूलने वाला विधानसभा का 25वां वर्ष भी है। युवा राज्य ऊर्जा से लवरेज है। आगे बढ़ने को तत्पर है। सत्र शुरू होने से लेकर समाप्ति तक विपक्ष के गायब रहने के पीछे कई कारण हैं। उनके



पास न मुद्दा है, न सवाल है न तर्क है और न संवेदना है। विपक्ष ने सवालों से घेरने का प्रयास भी नहीं किया।

केंद्र सरकार का सौतेला व्यवहार

सीएम ने कहा कि विपक्ष ने पहले छात्रवृत्ति का मुद्दा उठाया। लेकिन इसमें भी केंद्र सरकार का सौतेला व्यवहार परिलक्षित हो रहा है। विपक्ष को सवाल उठाने से पहले अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। अपने आला-नेताओं से विचार-विमर्श करना चाहिए। कई एक बजट में भी कटौती की। कई स्कूलों को बंद करा दिया। केंद्र सरकार ने दलित आदिवासी पिछड़ों के साथ अनुसूचित जाति को उच्च शिक्षा में मिलने वाली छात्रवृत्ति में 90 फीसदी, विदेश छात्रवृत्ति में 95 फीसदी, अल्पसंख्यक प्री मैट्रिक में 40 फीसदी, पोस्ट मैट्रिक में 63 फीसदी, मेधा आधारित छात्रवृत्ति टेक्नीकल और व्यवसायिक में 75 फीसदी और तकनीकी शिक्षण संस्थान के अनुदान में 61 फीसदी की कटौती कर दी। ऐसी स्थिति में विपक्ष की मांग उचित नहीं है।सीएम ने कहा कि हमलोग छात्रवृत्ति बढ़ाने वाले लोग हैं। गुरुजी क्रेडिट कार्ड में 15 लाख रुपए का ऋण सिर्फ चार फीसदी व्याज पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

### केंद्र सरकार नेछात्रवृत्तियों में की कटौती

केंद्र सरकार ने दलित आदिवासी पिछड़ों के साथ अनुसूचित जाति को उच्च शिक्षा में मिलने वाली छात्रवृत्ति में 90 फीसदी, विदेश छात्रवृत्ति में 95 फीसदी, अल्पसंख्यक प्री मैट्रिक में 40 फीसदी, पोस्ट मैट्रिक में 63 फीसदी, मेधा आधारित छात्रवृत्ति टेक्नीकल और व्यवसायिक में 75 फीसदी और तकनीकी शिक्षण संस्थान के अनुदान में 61 फीसदी की कटौती कर दी। ऐसी स्थिति में विपक्ष की मांग उचित नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुजी क्रेडिट कार्ड में 15 लाख रुपए का ऋण सिर्फ चार फीसदी व्याज पर उपलब्ध कराया जा रहा है ।मुख्यमंत्री ने कहा कि 7721 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश हुआ है। विपक्ष की ओर से इसमें बढ़ोत्तरी का सुझाव होना चाहिए था।

# असंगत शब्दों का प्रयोग संसदीय मर्यादा के अनुकूल नहीं : स्पीकर

संवाददाता



रांची : शीतकालीन सत्र के समापन भाषण में विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने गुरुवार को कहा कि इस सत्र के दौरान कई बार तीखी राजनीतिक बहसों के बीच कुछ कठोर या असंगत शब्दों का प्रयोग हुआ, जो हमारी संसदीय मर्यादा के अनुकूल नहीं कहा जा सकता है। लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन विचारों की कठोरता, भाषा की कठोरता में परिवर्तित न हो यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस सत्र की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि द्वितीय अनुपूरक बजट का पारित होना रही। इस अनुपूरक बजट में महिला एवं बाल विकास विभाग को पर्याप्त प्राथमिकता देते हुए आवंटन किया गया है। यह निर्णय राज्य सरकार की सामाजिक-न्याय, पोषण, महिलासशक्तिकर ण और बाल अधिकारों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दशार्ता है। यह स्वागतयोग्य कदम झारखंड के सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करेगा और हमारी अगली पीढ़ी के स्वास्थ्य और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस सत्र में हुई चर्चाएं, प्रश्नोत्तर, ध्यानाकर्षण सूचनाएं, संकल्प और विभिन्न विधायी प्रक्रियाएं झारखंड केविकास, को गति देने में निश्चित रूप से सहायक होंगी।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक हेमलाल मुर्मू ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को संथाल परगना प्रमंडल में पिछले 50 वर्षों से हो रहे सर्वे सेटलमेंट के अधूरे काम का मुददा उठाया। उन्होंने ध्यानाकर्षण सूचना के तहत कहा कि संथाल में 1973 से सर्वे सेटलमेंट का काम हो रहा है, लेकिन यह अब तक पूरा नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के 12273 गांवों का सर्वे होना है। इसमें से केवल 687 गांवों का ही सर्वे हुआ है।

## नींबू पहाड़ अवैध खनन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को लगायी फटकार

# खनन छोड़ मोबाइल जांच में उलझी हुई है पुलिस

एजेंसी

नई दिल्ली/रांची : साहिबगंज के नींबू पहाड़ में अदालत के आदेश पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। लेकिन पुलिस के अधिकारी अवैध खनन की जांच नहीं कर रहे थे, बल्कि याचिकादाता के मोबाइल फोन की जांच करते रहे। नींबू पहाड़ में अवैध खनन के मामले में सीबीआई जांच को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में यह बात सामने आयी ।न्यायाधीश संजय कुमार और न्यायाधीश आलोक अराधे ने अपने फैसले में यह भी कहा है कि हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा एसएलपी दायर करना समझ से परे है। दस्तावेज से पता चलता है कि हाईकोर्ट द्वारा रिट याचिका 1229/23



से पहले 665/2022 में आदेश पारित किया जा चुका है। हाईकोर्ट के इस आदेश से पता चलता है कि विजय हांसदा को मूल याचिका वापस लेने के लिए दवाब डाला जा रहा था। लेकिन हाईकोर्ट ने ऐसा करने की अनुमति नहीं दी। हाईकोर्ट के आदेश से यह भी पता चलता है कि विजय हांसदा ने अपनी शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए न्यायालय के सहारा लिया था। न्यायिक दंडाधिकारी ने सात जुलाई 2022 को अवैध खनन के आरोपों के मद्देनजर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। लेकिन न्यायालय के इस आदेश के बावजूद पुलिस ने 1-12-2022 को प्राथमिकी दर्ज की। हाईकोर्ट में हांसदा की याचिका पर सुनवाई के दौरान पाया गया कि पुलिस ने अवैध खनन की जांच नहीं की। वह सिर्फ याचिकादाता के मोबाइन फोन की जांच करती रही। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि हाईकोर्ट ने पाया कि जब इस तरह के मामले कोर्ट के सामने आते हैं तो आम लोग निष्पक्ष जांच की उम्मीद करते हैं। इसलिए हाईकोर्ट ने सीबीआई को याचिकादाता द्वारा याचिका वापस लेने के मामले में उसकी (विजय हांसदा) की भूमिका के अलावा अभियुक्तों की भूमिका की प्रारंभिक जांच का आदेश दिया। प्रारंभिक जांच में मिले तथ्यों का आधार पर सीबीआई ने नियमित प्राथमिकी दर्ज की।

# इंडिगो ने यात्रियों के लिए की मुआवजे की घोषणा

,एजेंसी

नयी दिल्ली : निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने 03, 04 और 05 दिसंबर को लंबे समय तक हवाई अड्डों पर फंसे रहे यात्रियों के लिए मुआवजा और ट्रैवल वाउचर की घोषणा की है। एयरलाइंस ने गुरुवार को जारी बयान में इस घटना पर खेद व्यक्त किया है। उसने कहा है कि सरकार के दिशा-निदेर्शों के मुताबिक इन यात्रियों को पांच हजार रुपये से 10 हजार रुपये तक मुआवजा दिया जायेगा। मुआवजे की राशि इस बात पर निर्भर करेगी कि वे कितनी देर तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे। इसके अलावा इन यात्रियों को 10- 10 हजार




रुपये का ट्रैवल वाउचर भी दिया जायेगा। इसका इस्तेमाल अगले 12 महीने तक टिकट बुक कराने के लिए किया जा सकेगा। बयान में कहा गया है कि इंडिगो संकट के दौरान रद्द रही सभी उड़ानों के यात्रियों के लिए रिफंड जारी कर दिया गया है और ज्यादातर मामलों में रिफंड की राशि पीड़ित यात्रियों के खाते में आ चुकी है। तीसरे पक्ष के प्लेटफॉर्म से बुक कराये गये रिफंड के बारे में भी एयरलाइंस ने दावा किया है कि रिफंड जारी।

**विधानसभा:** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन भ्रष्टाचार पर हंगामासीएम हेमंत सोरेन

# 'कमीशन' पर सदन में सियासी बवाल

संवाददाता

रांची : झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पांचवें और अंतिम दिन भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों के बीच जमकर टकराव हुआ। सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू हुई, जहां कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सवाल उठाए गए और गरमागरम बहस देखने को मिली। प्रश्नकाल शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रामगढ़ की विधायक ममता देवी और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के बीच कथित नोक-झोंक और 'कमीशन' के मामले को जोर-शोर से उठाया। मरांडी ने आरोप लगाया कि ममता देवी ने यह बात सार्वजनिक रूप से कही कि कमीशन देने के बावजूद काम नहीं हो रहा है। उन्होंने इससे संबंधित एक ऑडियो सीडी सदन के सामने रखी और इसकी फोरेंसिक जाँचकराने की मांग की ताकि



सच्चाई सामने आ सके। इस आरोप पर, संसदीय कार्य मंत्री और कांग्रेस विधायक राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी का आंतरिक मामला है और पार्टी के वरिष्ठ नेता इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। बाबूलाल मरांडी ने बच्चों को समय पर छात्रवृत्ति नहीं मिलने का मुद्दा भी उठाया, जिसके कारण छात्रों को हो रही परेशानियों को उजागर किया। उन्होंने राज्य सरकार से इस मामले की तुरंत जांच कराने की मांग की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने धान खरीद में लगातार हो रही गड़बड़ियों को लेकर सरकार पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा ने आरोप लगाया कि बिजली के स्मार्ट मीटर से गरीबों को अनियमित और अत्यधिक बिल आ रहे हैं। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने आश्वासन दिया कि अगर कहीं भी गड़बड़ी है तो जानकारी देने पर कार्रवाई की जाएगी। रांची विधायक सीपी सिंह ने राज्य के 25,000 पीडीएस दुकानदारों को लंबे समय से कमीशन का भुगतान न होने का मामला उठाया। इस पर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि यह मामला केंद्र सरकार से जुड़ा है और पोर्टल को समझने में देरी के कारण भुगतान रुका है, लेकिन जल्द ही कमीशन दे दिया जाएगा ।सदन में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय कोयला मंत्री ने बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये के भुगतान के लिए अधिकारियों की कमेटी बनाकर बात आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया था। लेकिन इस दिशा में केंद्र की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सत्र के दौरान वित्त मंत्री ने लघु खनिजों के प्रबंधन और भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का वित्त लेखा परीक्षा तथा विनियोग लेखा से संबंधित प्रतिवेदन भीसदन के पटल पर रखा।

# रेल मंत्री से मिले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

एजेंसी

नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की इस मुलाकात के क्रम में सेठ ने रांची को दी जा रही रेल परियोजनाओं के लिए उनके प्रति आभार जताया और रांची में रेल यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर आग्रह पत्र भी सौंपा। अपने पत्र में सेठ ने कहा कि झारखंड की राजधानी होने के कारण रांची से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। कई शहरों से सीधे कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण उन्हें बड़ी समस्या होती है। इसके समाधान हेतु विभिन्न ट्रेनों के परिचालन और फेरे बढ़ाने जैसे विषयों की तरफ सकारात्मक पहल आवश्यक है। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि रांची से आनंद विहार को जाने वाली हटिया आनंद विहार सुपरफास्ट



एक्सप्रेस (ट्रेन नं.- 12825/12826) का विस्तार जयपुर तक किया जाए। इससे झारखंड और राजस्थान की कनेक्टिविटी सुगम हो जाएगा। रांची से अहमदाबाद के लिए नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू किया जाए। इससे देश के कई राज्यों की कनेक्टिविटी हो सकेगी। इस ट्रेन के परिचालन से आम जनता का आवागमन भी सुगम हो सकेगा। रांची से लोहरदगा के लिए एक पैसेंजर ट्रेन चलती है।

# रांची पुलिस को सफलता: ब्राउन शुगर रैकेट का भंडाफोड़, 5.82 लाख नकद समेत 4 गिरफ्तार

रांची, संवाददाता ।



रांची पुलिस ने नशीले पदार्थों के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सुखदेवनगर थाना क्षेत्र से ब्राउन शुगर के एक अंतरराज्यीय रैकेट का भंडाफोड़ किया है. एसएसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सुखदेवनगर थाना सेंट्रल बैंक गली स्थित अखिल मेमोरियल मार्ग से चार लोगों को गिरफ्तार किया है. जिनमें अनिकेत और शीनू, अमित कुमार सोनी, सोनू कुमार और अनिशा कुमारी इनके पास से 5.82 लाख रुपया 33.18 ग्राम ब्राउन शुगर (बाजार मूल्य 6.60 लाख), एक महिंद्रा स्कॉर्पियो और एक स्कूटी बरामद की गई है.

**आधी रात को दो ठिकानों पर विशेष छापा**

एसएसपी को 10 दिसंबर की रात गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री हो रही है. इस महत्वपूर्ण सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, कोतवाली डीएसपी नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया. टीम ने सबसे पहले सुखदेवनगर स्थित कुम्हार टोली, चूना भट्ठा के पास अमित सोनी के घर पर विधिवत छापा मारा. तलाशी के दौरान, अमित सोनी के घर के दूसरे तल पर कपड़ों के बीच छिपाकर रखी गई 20.58 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई. पूछताछ में अमित सोनी ने बताया कि वह सासाराम के शाहिद नामक व्यक्ति से ब्राउन शुगर लाकर रांची में ऊंचे दाम पर बेचता है. वह वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका. दूसरी कार्रवाई रातू रोड में अमित सोनी से मिली जानकारी के आधार पर, टीम ने देर रात करीब 02:30 बजे अखिल मेमोरियल गली, रातू रोड स्थित अनिकेत कुमार उर्फ शीनू के घर पर छापा मारा. छापेमारी के दौरान घर में अनिकेत कुमार उर्फ शीनू और उसका भाई सोनू कुमार मिले. दोनों की तलाशी लेने पर अनिकेत के पैंट की पॉकेट से प्लास्टिक में लिपटी 10.20 ग्राम और सोनू कुमार के पैंट से 2.40 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई. घर की तलाशी के दौरान अनिकेत की पत्नी अनीशा कुमारी उर्फ अन्नु एक कमरे में सोती हुई मिलीं.

# केंद्र के मंत्री झारखंड को नहीं देते तरजीह, बाबूलाल मरांडी के सुझाव पर मंत्री दीपिका ने दिया जवाब !

रांची, संवाददाता ।



झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्र सरकार द्वारा अलग अलग मद में राशि निर्गत नहीं करने के सत्ता पक्ष के आरोपों पर सवाल खड़े किए हैं. साथ ही सुझाव भी दिए. उन्होंने 15वें वित्त आयोग की बकाया राशि का मामला उठाया. इसपर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने दो टूक कहा कि केंद्र सरकार के मंत्री झारखंड को सहयोग नहीं करते हैं. सारी शर्तें पूरी करने के बाद भी वित्तीय वर्ष 2024-25 के 1,385 करोड़ राशि केंद्र सरकार नहीं दे रही है. दरअसल, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पिछले दो बार से 15वें वित्त का पैसा नहीं मिलने का मामला उठाया. उन्होंने कहा कि मोटा-मोटी 2600 करोड़ रु केंद्र से इस मद में नहीं मिला है. अब सवाल है कि क्यों नहीं मिला है. इस संदर्भ में केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को कई बार पत्र लिखा है. ग्रामीण विकास मंत्री को अपने अफसरों को लेकर भारत सरकार के मंत्रालय में ले जाना चाहिए. उससे पहले भारत सरकार की अहताओं का पालन करना जरुरी है.

**सदन को ना बरगलाएं नेता प्रतिपक्ष- मंत्री दीपिका पांडेय सिंह**

इसपर ग्रामीण विकास विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं. दरअसल, राज्य सरकार की तरफ से कोई कमी नहीं है. पंचायती राज मंत्रालय की सारी शर्तें पूरी की जा चुकी है. दूरभाष पर तो फंड जारी करने का भरोसा तक मिल चुका था. फिर भी आजतक राशि नहीं मिली है. उन्होंने कहा कि पंचायती राज मंत्रालय की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 15वें वित्त आयोग की राशि करीब 2,700 करोड़ प्राप्त करने के लिए कुछ शर्तें रखी थी. जिसके तहत 2023-24 की हस्तांतरित राशि का जीटीसी (ग्रांट ट्रांसफर सर्टिफिकेट) पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार को भेजना था. यह 2024-25 के लिए था. इसके अलावा 2024-25 का अनुदान प्राप्त करने के लिए स्टेट फाइनांस कमीशन का गठन किया जाना था. इस मद की राशि पंचायतों को हस्तांतरित करते हुए जीटीसी उपलब्ध कराना था. इन चारों शर्तों को 20-05-2025 को पूरा कर लिया गया था. उन्होंने कहा कि शर्तें पूरी करने के बाद भी मंत्रालय ने नई शर्तें लगा दी गई. 14वें वित्त आयोग मद की शेष राशि को 15वें वित्त आयोग मद की प्राप्त होने वाली राशि से 10 प्रतिशत से कम होने की शर्त रखी गई. जिसका कोई औचित्य नहीं था. क्योंकि यह राशि पंचायतों के खाते में थी. झारखंड सरकार ने अनुरोध कर ई-ग्राम स्वराज पोर्टल को खुलवाया और पुराने लायबिलिटी का विकल्प खुलवाते हुए राशि को 10 प्रतिशत से नीचे लाने का भी काम पूरा किया. उसके बाद पंचायती राज मंत्रालय से 15वें वित्त की राशि की दोबारा मांग की गई. इसको लेकर पंचायती राज मंत्रालय ने 24.11.2025 को पत्र के जरिए सूचित किया कि झारखंड सरकार द्वारा दी गई सूद की राशि ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के रिवर्स रिसिट इंफॉर्मेशन रिपोर्ट में दिखाई नहीं दे रहा है. जबकि इसके लिए पोर्टल में कोई ऑप्शन ही नहीं था. खास बात है कि इसके बाद राज्य सरकार ने 222 पन्नों का पंचायतों को हस्तांतरित राशि का पूरा ब्योरा मंत्रालय को उपलब्ध कराया. तब दूरभाष पर बताया गया कि आपने सारी शर्तें पूरी कर ली है और बहुत जल्द 15वें वित्त की राशि राज्य को उपलब्ध करा दी जाएगी. लेकिन अबतक राशि नहीं मिली है और ना राशि मिलने की कोई सूचना है.

# 25 मई 1927 को कोलकाता धर्म प्रांत से अलग होकर बना रांची आर्चबिशप हाउस

**1953 में बिशप हाउस को दिया गया धर्मप्रांत का दर्जा**

रांची, संवाददाता ।



पुरूलिया रोड स्थित बिशप हाऊस अब इतिहास के पन्ने में दर्ज हो गया. क्योंकि यह कोलकाता धर्म प्रांत से 25 मई 1927 को विभाजित होकर रांची बिशप हाऊस बनाए गए हैं. 1953 में बिशप हाउस को रांची धर्मप्रांत का दर्जा दिया गया. इससे पहले संत अलबर्ट कॉलेज में आर्चबिशप का कमरा हुआ करता था. उस दौरान प्रथम आर्चबिशप लुईस वानहॉक थे. ऑष्कर सेबेरियन दूसरे आर्चबिशप थे. इसके बाद निकोलस कुजूर,पायस केरकेट्टा, तिलेस्फोर टोप्पो,फेलेक्स टोप्पो आर्चबिशप रह चुके हैं. वर्तमान में आर्चबिशप विसेंट आइंद हैं. आर्चबिशप हाउस में 40 कमरे हैं. इसके साथ ही सेमिनार हॉल, कॉन्फ्रेंस हॉल और एक चर्च है. जहां बिशप हाउस के फादर अपना विनती करते हैं. इस चर्च के पुरोहित आर्चबिशप हैं. दिसंबर से ही ईसाई समुदायों का पर्व शुरू हो जाता है. चर्चों और शैक्षणिक संस्थानों में क्रिसमस संदेश और क्रिसमस गैदरिंग मनाना शुरू हो जाता है. इस बार आर्चबिशप हाऊस में बड़े उत्साह का माहौल होगा. 23 दिसंबर को रोमन कैथोलिक के फादर एसडीसी सभागार में जुबली महोत्सव सह क्रिसमस गैदरिंग एकसाथ मनायेंगे. इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है. इस उत्सव में करीब सैकड़ों फादर शामिल होंगे. इस अवसर पर कई कार्यक्रम होंगे. जिसमें सबसे पहले प्रार्थना सभा आयोजित होगी. आध्यात्मिक तैयारी का संदेश दिया जाएगा.

# ठंड में बस स्टॉप पर ठिठुरते नन्हें छात्र और अभिभावकों का सिस्टम से सवाल

रांची, संवाददाता ।



शहर में कड़ाके की सर्दी ने लोगों की दिनचर्या बदल दी है. सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी, बाजार देर से खुल रहे, दफ्तरों में पहुंचने का समय लचीला हो गया है. लेकिन एक वर्ग है, जिसपर मौसम का सबसे कम रहम हुआ है - स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे. जब पूरा शहर ठंड की मार से बचने के लिए देर तक घर में दुबका रहता है, उसी समय नन्हें विद्यार्थी बस स्टॉप पर जमा देने वाली हवा में खड़े मिल जाते हैं. सुबह 6 बजे का अंधेरा, बर्फीली हवा और ठिठुरते बच्चे यह दृश्य अब रांची की रोजमर्रा की तस्वीर बन चुकी है. लेकिन जिला प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाये गये हैं. अमूमन रांची में ठंड बढ़ते ही छोटे बच्चों की स्कूल ऑनलाइन चलायी जाने लगती है. जिला प्रशासन भी इसे लेकर आदेश जारी कर देता है. लेकिन इस हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बावजूद भी तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ है.

अभिभावकों का कहना है कि विडंबना यह है कि ठंड बढ़ने पर सबसे पहले स्कूल समय बदलने की जरूरत होती है, पर इस बार वही कदम सबसे आखिर में सोचा जा रहा है. शहर में कई स्कूल सुबह की शिफ्ट को जस का तस चला रहे हैं, जबकि बच्चे तापमान गिरने का साइलेंट असर झेल रहे हैं. कई पेरेंट्स का कहना है कि बच्चों के स्वास्थ्य पर भी इसका असर दिख रहा है. बच्चे खांसी-जुकाम, बुखार का शिकार हो रहे हैं, लेकिन स्कूल की सख्त उपस्थिति नीति ने अभिभावकों को दोराहे पर खड़ा कर दिया है. विकल्प वही है या तो बीमारी के बावजूद भेजो, या अनुपस्थिति का बोझ उठाओ. अभिभावकों का कहना है कि यह सिर्फ मौसम की चुनौती नहीं बल्कि व्यवस्था की संवेदनहीनता है. ठंड का कैलेंडर हर साल एक जैसा है फिर तैयारी में देरी क्यों? लोगों के बीच यही सवाल गूंज रहा है.

वहीं लगातार संवाददाता ने इसे लेकर कुछ स्कूलों के प्रिंसिपल से बात की तो उन्होंने नाम ना छापने की शर्त पर कहा कि जब तक जिला प्रशासन की ओर से ऑर्डर नहीं आता तो कोई कदम कैसे उठाया जाए. साथ ही कहा कि छोटे बच्चों की परेशानी उन्हें भी दिखती है. मगर वो भी अब आदेश का ही इंतजार कर रहे हैं. कुछ स्कूल के प्रिंसिपल ने बताया कि टाइम तो बढ़ाया गया है पर स्कूल बसों की टाइम को मैनेज भी करना होता है, जिससे बच्चों को घर से ज्यादा पहले निकलना पड़ता है. स्कूल ऑनलाइन करने के सवाल पर इनका भी जवाब जिला प्रशासन के आदेश का इंतजार करना ही बताया गया.

# गुमला में अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा तोड़े जाने के खिलाफ रांची में प्रदर्शन

रांची, संवाददाता ।



शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर सामाजिक कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया. इस दौरान लोगों ने कहा कि गुमला स्थित जारी गांव में अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा को बुलडोजर लगाकर तोड़ दिया था, जबकि इसे अनुशासनपूर्वक जमीन पर रखा जाना था. लेकिन गुमला प्रशासन ने प्रतिमा को हटाने के लिए बुलडोजर का उपयोग किया. और प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई. प्रशासन और कारीगरों के खिलाफ कार्रवाई की करेंगे मांग.

**राज्यपाल और सीएम से कार्रवाई की करेंगे मांग**

पूर्व टीएसी सदस्य रतन तिर्की और सामाजिक कार्यकर्ता प्रभाकर तिर्की ने कहा कि बुलडोजर लगाकर प्रतिमा तोड़ने वाले प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी. राज्यपाल और सीएम से भी इसकी शिकायत करने का निर्णय लिया है. रतन तिर्की ने कहा कि जयंती के अवसर पर देश के सैनिकों ने अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करने नहीं पहुंचे. उन्हें श्रद्धांजलि तक नहीं दी.

**प्रशासन भव्य बना रहा लान्सनायक अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा**

अलबर्ट एक्का की प्रतिमा टूटने को लेकर गुमला प्रशासन ने खेद प्रकट करते हुए कहा कि पहले की अपेक्षा अब आकर्षक और भव्य प्रतिमा बनाई जा रही है. इसके साथ ही इसका सौंदर्यीकरण भी करने का ऐलान किया है.

# कांग्रेस का आरोप- छात्रवृत्ति मामले में ओबीसी छात्रों को गुमराह कर रही भाजपा

रांची, संवाददाता ।



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने गुरुवार को कांग्रेस भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भाजपा ओबीसी छात्रों की छात्रवृत्ति के मुद्दे पर उन्हें गुमराह कर रही है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार स्वयं राज्य को छात्रवृत्ति की अदायगी के लिए आवश्यक राशि उपलब्ध नहीं करा रही है, फिर भी भाजपा नेता इस विषय पर संवेदना बटोरने की राजनीति कर रहे हैं. कमलेश ने बताया कि राज्य सरकार ने 2023-24 में केंद्र से 271 करोड़ रुपये की मांग की थी, जिसके बदले सिर्फ 77 करोड़ रुपये ही मिले. इसी तरह 2024-25 में 253 करोड़ रुपये की मांग के विरुद्ध 33 करोड़ रुपये दिए गए. वर्ष 2025-26 में 370 करोड़ रुपये की मांग पर केंद्र ने मात्र 13 करोड़ रुपये जारी किए. उन्होंने कहा कि यह आंकड़े साबित करते हैं कि भाजपा का प्रचार भ्रामक है और इसका जवाब भाजपा नेताओं को देना चाहिए.

उन्होंने बताया कि कांग्रेस और महागठबंधन सरकार छात्रवृत्ति को लेकर बेहद गंभीर है और छात्रों को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है. इसी उद्देश्य से एनएसयूआई 10 जनवरी 2026 को लोकभवन का घेराव करेगी और छात्रवृत्ति की राशि अविलंब उपलब्ध कराने की मांग उठाएगी. प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि केंद्र सरकार यह आरोप लगा रही है कि राज्य सरकार उपयोगिता प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं करा रही है, जबकि छात्रवृत्ति मद में ऐसे प्रमाणपत्र की कोई आवश्यकता नहीं होती है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार गलत तथ्य पेश कर छात्रों, युवाओं और महिलाओं को गुमराह कर रही है. तिर्की ने विपक्षी दलों से अपील की कि यदि वे सच में छात्र हित की चिंता करते हैं, तो वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर 10 जनवरी को होने वाले लोकभवन घेराव में शामिल हों.

# 11-13वीं जेपीएससी में सफल आठ अभ्यर्थियों को नियुक्त कर ट्रेनिंग में भेजे सरकार : हाईकोर्ट



रांची, संवाददाता ।

झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को 11 से 13वीं जेपीएससी परीक्षा में पास होने के बावजूद नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर किए गए 10 सफल अभ्यर्थियों की याचिका पर सुनवाई की. इस दौरान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को याचिका दायर करने वाले आठ अभ्यर्थियों को तुरंत नियुक्त कर उनकी जॉइनिंग कराते हुए ट्रेनिंग भेजने का निर्देश दिया है. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंदा सेन की अदालत में हुई. इस संबंध में सफल अभ्यर्थी जितेंद्र रजक, सूरज कुमार यादव, नीरज कुमार, आशुतोष कुमार, सुदिति सुमन, रूपाली रोशन, सूरज कुमार और रूपेंद्र प्रसाद ने याचिका दायर की थी. प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने बहस की. उन्होंने कोर्ट को बताया कि आयोग ने 10 अभ्यर्थियों को यह कहते हुए बाहर कर दिया था कि हाईकोर्ट के एक अन्य मामले में नौ सीटें आरक्षित रखी गई है. जबकि जिन 8 अभ्यर्थियों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, वे मेरिट लिस्ट में काफी ऊपर हैं और अपने-अपने वर्ग में उच्च अंक प्राप्त कर चयनित हुए थे. अधिवक्ता ने तर्क दिया कि यदि सीट आरक्षित रखनी थी तो कम अंक वाले अभ्यर्थियों को रोका जाना चाहिए था, न कि ज्यादा अंक लाने वाले प्रार्थियों को.

# दिल्ली छापा के बाद बड़ी कार्रवाई: विनय सिंह के बेटे सनत को एसीबी का समन, नौकरशाहों व नेताओं के परिवार से संपर्क का खुलासा

रांची, संवाददाता ।

दिल्ली में गुरुवार की सुबह की कार्रवाई के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की जांच में विनय सिंह और उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह के खिलाफ महत्वपूर्ण जानकारी मिली है. इस हाई-प्रोफाइल मामले में अब उनके पुत्र सनत सिंह को भी जांच के दायरे में लाया गया है. वसंत विहार स्थित निवास से मिले डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर सनत सिंह को 15 दिसंबर 2025 को एसीबी कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने का समन जारी किया गया है.

**डिजिटल फॉरेंसिक में अहम खुलासे**

जांच के दौरान किए गए डिजिटल फॉरेंसिक विश्लेषण में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं. रिपोर्ट के अनुसार, स्निग्धा सिंह और सनत सिंह कई वरिष्ठ नौकरशाहों (अफसरों) और प्रमुख राजनीतिक परिवारों के सदस्यों के साथ नियमित और लगातार संपर्क में थे.

**इन डिजिटल साक्ष्यों में निम्नलिखित अहम बातें सामने आई हैं**

इन परिवारों के सदस्यों के साथ लगातार बातचीत के रिकॉर्ड महत्वपूर्ण कॉल और चैट रिकॉर्ड की पहचान की गई है. संवाद पैटर्न में ऐसी मुलाकातों का उल्लेख है, जिनकी प्रकृति संदिग्ध हो सकती है. ये डिजिटल संकेत स्पष्ट रूप से विनय चौबे-विनय सिंह-स्निग्धा सिंह गठजोड़ की पहुंच के व्यापक रूप की ओर इशारा करते हैं. यह दशार्ता है कि यह गठजोड़ न केवल प्रशासनिक बल्कि राजनीतिक हलकों तक भी फैला हुआ था.



एसीबी का मानना है कि यह डिजिटल डेटा जांच एजेंसी को निम्नलिखित पहलुओं को समझने में अहम भूमिका निभाएगा

- अवैध रूप से अर्जित धन के रास्ते और उसके अंतिम लाभार्थियों की पहचान करना.
- बेनामी संपत्तियों और उनके पीछे के वास्तविक मालिकों का खुलासा करना.
- प्रशासनिक और राजनीतिक निर्णय लेने की प्रक्रियाओं पर प्रभाव डालने वाली गतिविधियों की पड़ताल करना.
- एसीबी को उम्मीद है कि 15 दिसंबर को सनत सिंह से होने वाली गहन पूछताछ से इस पूरे गठजोड़ की कई और परतें खुलेंगी और मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार से जुड़े अन्य पहलुओं पर खुलासा हुआ.

# झारखंड हाईकोर्ट ने शहीद एसपी अमरजीत बलिहार के हत्यारों की मौत की सजा को उम्रकैद में बदला

रांची, संवाददाता ।



झारखंड हाईकोर्ट ने शहीद एसपी अमरजीत बलिहार के हत्यारों की मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया. दरअसल हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच के दो जज जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय और जस्टिस संजय प्रसाद दोष तय करने के मुद्दे पर अलग-अलग राय रखते थे. ऐसे में तीसरे जज जस्टिस गौतम कुमार चौधरी को मामला भेजा गया, जिन्होंने तय किया कि दोष साबित होने के बावजूद मौत की सजा बरकरार नहीं रखी जा सकती. इसके बाद जज ने मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया.

**नक्सली हमले में शहीद हुए थे पुलिसकर्मी**

अभियोजन के अनुसार, दुमका के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक (रढ) एक सशस्त्र एस्कॉर्ट टीम के साथ पाकुड़ की ओर जा रहे थे. रास्ते में जंगल के इलाके में उग्रवादियों ने पुलिस टीम पर अचानक हमला कर दिया. भीषण गोलीबारी में रढ समेत कुल छह पुलिसकर्मी शहीद हो गए. कई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल भी हुए. बाद में जांच के दौरान अपीलकताओं को हमले में शामिल माना गया और ट्रायल कोर्ट ने उन्हें कई गंभीर धाराओं में दोषी ठहराकर मौत की सजा सुनाई थी.

**जजों की राय एक नहीं होने के कारण तीसरे जज को भेजा गया मामला**

जस्टिस गौतम कुमार चौधरी ने कहा कि घायल पुलिसकर्मियों की सीधी चश्मदीद गवाही से यह साबित होता है कि अपीलकर्ता इस हमले में शामिल थे, इसलिए उनकी दोषसिद्धि बरकरार रखी गई. लेकिन सजा के सवाल पर कोर्ट ने माना कि चूंकि पहले दो जजों की राय दोषसिद्धि पर एक जैसी नहीं थी, इसलिए मौत की सजा को बनाए रखना कानूनन संभव नहीं है. इस वजह से कोर्ट ने दोनों आरोपियों की मौत की सजा को बदलकर उम्रकैद में बदल दिया.

**कानून व्यवस्था को चुनौती दी गई, तो हिल जाएगी नींव**

जस्टिस चौधरी ने साफ कहा कि यह हमला सोची-समझी साजिश का हिस्सा था, जिसमें रढ सहित छह पुलिसकर्मियों की जान चली गई. यह हमला केवल पुलिस बल पर नहीं, बल्कि राज्य की संप्रभु शक्ति यानी सरकार की ताकत पर सीधी चुनौती थी. कोर्ट ने चेताया कि अगर हथियारबंद समूहों को इस तरह कानून-व्यवस्था को चुनौती दी गई तो कानून के शासन की नींव हिल जाएगी.

## रांची में होगा पूर्वी जोन स्कूल बैंड प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**रांची।** झारखंड इस वर्ष पूर्वी जोन स्कूल बैंड प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तहत यह प्रतियोगिता 14झ15 दिसंबर 2025 को खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी. इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पूर्वी भारत के 11 राज्यों झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम की स्कूल बैंड टीमें भाग लेंगी. यहां से चयनित चार टीमें राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाएंगी. आयोजन सचिव एवं राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग ने कहा कि यह अवसर झारखंड के लिए गर्व का विषय है.




# भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का हो रहा आयोजन

### ग्लोबल पर्सपेक्टिवस एंड प्रेक्टिसेस इन ट्रांसफॉर्मिंग नसेर्सः वर्ल्डवाईड स्कोप एंड अपोर्चुनिटिज बिषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन





संवाददाता । रांची

मांडर : भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के अंतगर्त सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कन्दरी, माण्डर, राँची में दिनांक 11 दिसम्बर एवं 12 दिसम्बर को दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 11 दिसम्बर प्रातः दस बजे अतिथियों के रूप में अध्यक्ष श्रीमति छवि सिन्हा, सचिव नितिन परासर एवं शैक्षणिक सचिव श्रीमति दीपाली परासर, महाविद्यालय की उप-प्रचार्या श्रीमति निहारिका श्रीवास्तव, इंस्टीच्यूशन के डीन डॉ० उपेन्द्र उपाध्याय, प्रो० डॉ० सुदेश कुमार साहू, डी०एस०डब्लू० (राँची विश्वविद्यालय, राँची, झारखण्ड), श्रीमति आर० कृष्णावेनी( ।प्डैए पटना), डॉ० एकान्स देबुका (राँची), प्रो० डॉ० सुधा देवी एम० (रिम्स,राँची) के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । इस कार्यक्रम में प्रो० डॉ० सुदेश कुमार साहू, डी०एस०डब्लू० (राँची विश्वविद्यालय, राँची, झारखण्ड) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए थे। इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का विषय ह्ल ग्लोबल पर्सपेक्टिवस एंड प्रेक्टिसेस इन ट्रांसफॉर्मिंग नर्सिर्सः वर्ल्डवाईड स्कोप एंड अपोर्चुनिटिजह्ल, था।इस कार्यक्रम में सभी व्याख्याताओं ने अपना-अपना विचार व्यक्त कर उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं प्रतिभागियों को लाभान्वित किया। यह कार्यक्रम दिनांक 12 को को भी चलना है। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण भी भाग लिए तथा कार्यक्रम से लाभ उठाए। कार्यक्रम में इस ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमति छवि सिन्हा, सचिव नितिन परासर, शैक्षणिक सचिव श्रीमति दीपाली परासर, इंस्टीच्यूशन के डीन डॉ० उपेन्द्र उपाध्याय एवं उप-प्राचार्या श्रीमति निहारिका श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त किए तथा छात्र-छात्राओं के लिए मार्गदर्शन दिए।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की उप-प्राचार्या श्रीमति निहारिका श्रीवास्तव एवं शिक्षकगण अंजला गाड़ी, रश्मि तिर्की,

### विधानसभा के शीतकालीन सत्र का अंतिम दिन : वित्त मंत्री ने लगाया बड़ा आरोप

## ₹1.36 लाख करोड़ देने की दिशा में कार्रवाई नहीं कर रही केंद्र सरकार : राधाकृष्ण किशोर

संवाददाता । रांची



गुरुवार को झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पांचवें और अंतिम दिन वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य के 1.36 करोड़ रुपये बकाया मामले में बड़ा आरोप लगाया। सदन में कहा कि केंद्रीय कोयला मंत्री ने राज्य के 1.36 लाख करोड़ रुपये के बकाया मामले पर अधिकारियों की कमेटी बनाकर चर्चा आगे बढ़ाने का भरोसा दिया था।लेकिन, कई महीनों के बाद भी इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।उन्होंने कहा कि बकाए की वसूली राज्य की वित्तीय स्थिति के लिए बेहद जरूरी है और केंद्र को इस पर जल्द कदम उठाना चाहिए। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने झारखंड में लघु खनिजों के प्रबंधन और भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का वित्त लेखा परीक्षा व विनियोग लेखा से संबंधित लेखा परीक्षा प्रतिवेदन 2024-25 (कैग रिपोर्ट) सदन के पटल पर रखा।नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने छात्रवृत्ति के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया।उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति नहीं मिलने से हजारों छात्र परेशान हैं और पढ़ाई प्रभावित हो रही है। मरांडी ने मांग की कि सरकार इस मामले की तुरंत जांच कराए।इसके साथ ही उन्होंने धान खरीद में हो रही गड़बड़ियों का सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं, लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बाबूलाल मरांडी ने विधायक और मंत्री के बीच हुई बातचीत की जांच कराने की मांग की। बाबूलाल ने ध्यान आकर्षण के दौरान चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके पास
इसकी सीडी भी उपलब्ध है। कहा कि विधानसभा अध्यक्ष से इस मामले में हस्तक्षेप कर जांच कराने की मांग की।इस पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि जिस प्रकरण का जिक्र हो रही है, वह एक पार्टी कार्यालय के भीतर का मामला है और इससे विधानसभा का कोई सरोकार नहीं है।

## सीपी सिंह ने गृह प्रवेश पर डॉ इरफान अंसारी को बधाई और शुभकामनाएं दी



संवाददाता । रांची

रांची विधायक सीपी सिंह ने स्मार्ट सिटी स्थित नवनिर्मित मंत्री आवास में गृह प्रवेश पर डॉ इरफान अंसारी को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### निवर्तमान पार्षद डॉ साजदा खातून ने विश्वकर्मा लेन का किया निरीक्षण

## स्थानीय लोगों की समस्याओं का होगा समाधान , दिया आश्वासन



संवाददाता । रांची

राँचीः वार्ड 23 की निवर्तमान पार्षद डॉ साजदा खातून ने गुरुवार को मेन रोड स्थित विश्वकर्मा लेन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़कों,नलियों का जायजा लिया। स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों ने डॉ साजदा खातून को बताया कि बरसात के मौसम में इस गली हालत बदतर हो जाती है। पानी के निकासी का उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण मकानों एवं दुकानों नालियों का पानी घुस जाता है साथ ही आवागमन भी पूरी तरह बाधित हो जाती है। नाली जाम होने के कारण मेन रोड का पानी भी गली में ही दाखिल हो जाती है।सालों भर नालियों में पानी रहने के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है और बारी फैलने का खतरा है।
समस्याओं को सुनने और नलियों और सड़कों की निरीक्षण के बाद निवर्तमान पार्षद ने आश्वस्त कराया कि समस्या के निदान एवं नलियों एवं सड़कों की मरम्मत के लिए जल्द ही नगर निगम प्रशासक को प्रस्ताव भेजा जाएगा। इस दौरान सीपीआईएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, सामाजिक कार्यकता सैय्यद फराज अब्बास, वीरेंद्र कुमार,बेलाल मुजीबी,बैंक इम्प्लाइज यूनियन के एमएल सिंह,मो० नौशाद ,मो० सलाम, भोला,राघो सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## झारखंड पुलिस हाउसिंग के मुख्य अभियंता जयप्रकाश सिंह से एकता कमेटी का प्रतिनिधिमंडल मिला



संवाददाता । रांची

रांची ।सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी रांची का एक प्रतिनिधिमंडल गुलाम मुस्तफा के अध्यक्षता में झारखंड पुलिस हाउसिंग निगम लिमिटेड के मुख्य अभियंता श्री जयप्रकाश सिंह से मुलाकात किया और हिंदपीढ़ी थाना गोंदा थाना और लोअर बाजार थाना का आधा हिस्सा नहीं बना है और जो भी थाना नहीं बना है उसको बनाने की अपील की गई इस अवसर पर भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने बुके देकर जेपी सिंह को सम्मानित किया बुलंद अख्तर जी ने माला पहना कर चुनरी ओडा कर सम्मान दिया इस अवसर पर मुख्य अभियंता जयप्रकाश सिंह ने कहा के हिंदपीढ़ी थाना के लिए जमीन नहीं मिल रही है वह जहां पर अभी हिंदपीढ़ी थाना चल रहा है वह जगह किराए पर है उसको हम लोग बना नहीं सकते कोशिश में लगे हुए हैं कि कहीं जगह मिल जाए तो हिंदपीढ़ी थाना को बना दिया जाएगा और जो भी थाना अभी नहीं बना है हम लोग प्रयास में लगे हुए हैं जल्द से जल्द उसे बनाया जाएगा इस अवसर पर गुलाम मुस्तफा ने कहा की के जयप्रकाश सिंह जी हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक रहे हैं मोहर्रम के शुभ अवसर पर भी इनके घर परिवार वाले मोहर्रम के अखाड़ा का हमेशा स्वागत करते रहे हैं और जयप्रकाश सिंह सर ताजिया भी उठाते थे यह बहुत बड़ी खुशी की बात है और बेशक जयप्रकाश सिंह के दिल में कभी भी किसी प्रकार का भेदभाव नहीं रहा है ।सभी को एक समान देखते हैं और सभी को शुरू से साथ दिया है आज के प्रतिनिधिमंडल में मोहम्मद अशफाक जी और मोहम्मद टीपू रामेश्वर राम जी उपस्थित थे ।

# एसआईएच 2025 में BIT मेसरा की टीम ने दर्ज की उल्लेखनीय जीत

संवाददाती

बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा की टीम ह्यविंटर इज आवर्सह्ल ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 के ग्रैंड फिनाले में विजय हासिल की है। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता शिक्षा मंत्रालय और अक्ढळए द्वारा आयोजित की गई थी। टीम का नेतृत्व कृष रस्तोगी ने किया, जबकि टीम में दक्ष क्वेरा, प्रत्याषा पलित, प्रशुन राज, अदनान आदिल और इशान सिंह शामिल थे। टीम को डॉ. आनंद प्रसाद सिन्हा और डॉ. विशाल एच. शाह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।
प्रतियोगिता के लिए टीम ने एक एआई-संचालित केंद्रीकृत प्लेटफॉर्म विकसित किया, जिसका




उद्देश्य पीएम-अजय योजना (ॠक्कअ घटक), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत लाभार्थी पहचान और वित्तीय समावेशन जैसी महत्वपूर्ण चुनौती का समाधान प्रदान करना था।
इस प्लेटफॉर्म में स्वचालित लाभार्थी पहचान एल्गोरिदम, दिव्यांगजन के लिए एआई-आधारित फॉर्म भरने की सुविधा, और वॉइस-कमांड आधारित वेबसाइट एक्सेस जैसी प्रमुख सुविधाएँ शामिल हैं।
36 घंटे तक चले इस राष्ट्रीय हैकाथॉन में तीन चरण थे, जिनमें प्रत्येक चरण में मेंटरशिप और जूरी मूल्यांकन शामिल था। टीम के नवोन्मेषी और प्रभावशाली समाधान ने उन्हें देशभर की प्रतिस्पर्धी टीमों के बीच शीर्ष स्थान दिलाया।

## ब्रीफ न्यूज

### गुमला में अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा तोड़े जाने के खिलाफ रांची में प्रदर्शन



संवाददाता ।

रांची : शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर सामाजिक कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने कहा कि गुमला स्थित जारी गांव में अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा को बुलडोजर लगाकर तोड़ दिया था, जबकि इसे अनुशासनपूर्वक जमीन पर रखा जाना था। लेकिन गुमला प्रशासन ने प्रतिमा को हटाने के लिए बुलडोजर का उपयोग किया। और प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई। प्रशासन और कारीगरों के खिलाफ कार्रवाई की करेंगे मांग। पूर्व टीएसी सदस्य रतन तिर्की और सामाजिक कार्यकर्ता प्रभाकर तिर्की ने कहा कि बुलडोजर लगाकर प्रतिमा तोड़ने वाले प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी। राज्यपाल और सीएम से भी इसकी शिकायत करने का निर्णय लिया है। रतन तिर्की ने कहा कि जयंती के अवसर पर देश के सैनिकों ने अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करने नहीं पहुंचे। उन्हें श्रद्धांजलि तक नहीं दी। अलबर्ट एक्का की प्रतिमा टूटने को लेकर गुमला प्रशासन ने खेद प्रकट करते हुए कहा कि पहले की अपेक्षा अब आकर्षक और भव्य प्रतिमा बनाई जा रही है।इसके साथ ही इसका सौंदर्यीकरण भी करने का ऐलान किया है।

### हाईकोर्ट ने कहा - रिम्स परिसर से अतिक्रमण हटाओ अभियान रहेगा जारी

संवाददाता ।



रांची : झारखंड हाईकोर्ट ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) परिसर से अतिक्रमण हटाओ अभियान को जारी रखने का बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने के विरोध में दायर की गई सभी याचिकाओं को सुनवाई के बाद खारिज कर दिया है। यह फैसला तब आया, जब कोर्ट में सुनवाई के दौरान हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कई लोगों ने अतिक्रमण रोकने का आग्रह किया था। जिसे न्यायालय ने अस्वीकार कर दिया। सुनवाई के दौरान रांची के डीसी, एसएसपी और बड़गाई सीओ (अंचल अधिकारी) दस्तावेजों के साथ कोर्ट में उपस्थित थे।इससे पहले हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई में रिम्स परिसर के अतिक्रमणकारियों को 72 घंटे के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। ऐसा न करने पर, प्रशासन को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट के इसी आदेश पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि कोर्ट ने डीआईजी ग्राउंड के निकट स्थित कैलाश कोठी के संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई के लिए सोमवार की तारीख निर्धारित की है। कोर्ट ने पिछले दिनों कैलाश कोठी को हटाने पर रोक लगाई है।

### कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली लोकतंत्र बचाने का ऐतिहासिक अभियान : बंधु तिर्की



संवाददाता ।

रांची : प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि 14 दिसंबर को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में होने वाली कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली देश में लोकतंत्र को बचाने का महत्वपूर्ण और निर्णायक प्रयास है। उन्होंने दावा किया कि यह रैली न सिर्फ व्यापक जनसमर्थन जुटाएगी, बल्कि चुनाव आयोग की भूमिका पर उठ रहे सवालों को लेकर पूरे देश में एक बड़ा संदेश भी देगी। अपने आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में लगभग 300 टाना भगतों के दल को रवाना करने से पहले मीडिया से बात करते हुए तिर्की ने कहा कि रैली से लोगों को यह समझने में मदद मिलेगी कि चुनाव प्रक्रिया किस तरह प्रभावित की जा रही है और किस प्रकार सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर वोट चोरी को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग पर लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद भी आयोग की ओर से निष्पक्ष जांच के प्रति कोई तत्परता दिखाई नहीं दे रही, जबकि सरकार आयोग के पक्ष में खड़ी होकर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रही है। रैली में शामिल होने के लिए टाना भगत अपने पारंपरिक वाद्य-यंत्रों के साथ रांची से दिल्ली रवाना हुए। तीन बसों को हरी झंडी दिखाकर बंधु तिर्की ने विदा किया। इसके अलावा तिर्की, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, प्रखंड अध्यक्षों, पदाधिकारियों और कार्यकताओं का एक बड़ा समूह भी शाम ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना हो गया।

### डीएवी शिक्षा दीप स्कूल में दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

रांची : डीएवी शिक्षा दीप स्कूल, रातू रोड में दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें कुल 103 बच्चों और 72 अभिभावकों की नेत्र जांच की गई। यह शिविर नयन सुख केयर के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों और उनकी टीम द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें दृष्टि परीक्षण, स्क्रीनिंग और आवश्यक परामर्श प्रदान किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य आलोक कुमार ने की। वहीं छात्र क्लब चिकित्सक मंच (यूनिट–छात्र क्लब ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा मुख्य अतिथि और विद्यालय की संस्थापिका नीलम देवी तथा संरक्षक ब्रजेश कुमार पाठक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के निदेशक शिवनंदन पाठक ने कहा - स्वस्थ दृष्टि से आत्मविश्वास और स्पष्टता दोनों का जन्म होता है। शिक्षित समाज की शुरूआत स्वस्थ आँखों से ही होती है।
मुख्य अतिथि शिव किशोर शर्मा ने नेत्र स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आँखों में किसी भी प्रकार की परेशानी महसूस होते ही विशेषज्ञ चिकित्सक से जांच कराना जरूरी है। शिविर के सफल संचालन में प्राचार्य आलोक कुमार, निदेशक मंडली से प्रभाष गौरव और अविनाश गौरव, पीआरओ कुणाल कौशल, सभी शिक्षक-कर्मचारियों तथा नेत्र जांच टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अभिभावकों ने इस उपयोगी पहल के लिए विद्यालय एवं मेडिकल टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

# उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने डुमरिया प्रखंड 'निर्वाण-2' वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण

## ठंड के मद्देनजर बुजुर्गों के बीच ऊनी कपड़े का किया वितरण



**जमशेदपुर, संवाददाता**

डुमरिया प्रखंड स्थित बांकीशोल पंचायत अन्तर्गत बाकुलचंदा गांव में जिला प्रशासन की पहल पर हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन द्वारा संचालित 'निर्वाण-2' वृद्धाश्रम का उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने गुरुवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां निवास कर रहे निराश्रित तथा असहाय बुजुर्गों से बातचीत कर उनकी स्थिति, दैनिक दिनचर्या, उपलब्ध सुविधाओं तथा आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी भी ली। साथ ही सरकार की योजनाओं/ सेवाओं से आच्छादन के संबंध में भी पूछताछ की। वहीं कुछ बुजुर्गों के पेंशन, आधार कार्ड, बैंक खाता नहीं होने की बात सामने आई। जिसपर बीडीओ को उचित कार्रवाई के लिए निर्देशित भी किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने वृद्धाश्रम में आवासीय सुविधा, भोजन व्यवस्था, चिकित्सा देखभाल, स्वच्छता, विश्राम स्थल, शौचालय व स्नानगृह तथा दैनिक उपयोग की वस्तुओं की उपलब्धता का बारीकी से अवलोकन भी किया। वृद्धाश्रम प्रबंधन द्वारा संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की सेवा मानवता का सर्वोच्च कार्य है और इस दिशा में संस्थान की पहल अत्यंत प्रेरणादाई है। उपायुक्त ने ठंड के मौसम को देखते हुए आश्रम प्रबंधन को बुजुर्गों के स्वास्थ्य एवं सुचारु देखभाल के लिए विशेष प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के बीच ऊनी वस्त्र, शॉल, गर्म कपड़े समेत अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण भी किया।

जबकि आश्रम कर्मियों को बुजुर्गों की जरूरतों पर सतर्क निगाह रखने की सलाह भी दी। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि समाज में कई ऐसे उदाहरण मिलते हैं, जहां वृद्ध माता-पिता की समुचित देखभाल नहीं हो पाती और जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। बुजुर्गों का अनुभव, आशीर्वाद और मार्गदर्शन किसी भी परिवार और समाज के लिए अमूल्य है। ऐसे में हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन द्वारा चलाया जा रहा यह वृद्धाश्रम न केवल वृद्धजनों को सम्मानजनक जीवन दे रहा है। बल्कि समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश भी दे रहा है। वहीं वृद्धजनों के लिए निःशुल्क आवास, पौष्टिक भोजन, वस्त्र, दवाई, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और सुरक्षित वातावरण की व्यवस्था भी की गई है। उपायुक्त ने वृद्धाश्रम की आवश्यकताओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक सहयोग का भरोसा भी दिलाया। उन्होंने प्रबंधन को निर्देश दिया कि भोजन की गुणवत्ता और पोषण स्तर पर विशेष ध्यान रखा जाए। बुजुर्गों के लिए मानसिक स्वास्थ्य समर्थन, मनोरंजन, योग एवं ध्यान जैसे कार्यक्रम भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएं। आश्रम परिसर में स्वच्छता और सुरक्षा के पर्याप्त उपाय सुनिश्चित हों। मौके पर बीडीओ डुमरिया नीलेश मुर्मू, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन के प्रतिनिधि के अलावा अन्य भी मौजूद थे।

# विधानसभा में संजीव सरदार की मांग, प्रतियोगी परीक्षाओं में भूमिज भाषा को शामिल किया जाए

**मंत्री का जवाब सरकार इस मामले में गंभीर, भूमिज भाषा को शामिल करने पर विचार करेगी**



**जमशेदपुर, संवाददाता**

झारखंड विधानसभा में गुरुवार पोटका विधायक संजीव सरदार ने भूमिज जनजाति समुदाय के अत्यंत संवेदनशील मुद्दे को जोरदार तरीके से सदन में उठाते हुए जेटेट, जेएसएससी के अलावा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भूमिज भाषा को पुनः शामिल करने की मांग की है। इस दौरान उन्होंने कहा कि भूमिज समुदाय की जनसंख्या चार लाख से अधिक है और यह झारखंड के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम तथा सरायकेला-खरसावां जिले में प्रमुख रूप से निवास करते हैं। साथ ही उन्होंने सदन को बताया कि पूर्व की परीक्षाओं जैसे टेट 2016, परीक्षा 2014, कक्षपाल परीक्षा 2015 में भूमिज भाषा शामिल थी और बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने भूमिज भाषा में परीक्षा देकर नियुक्तियां भी प्राप्त की थी। लेकिन 2023 में जारी संशोधित नियमावली में भूमिज भाषा को सूची से विलोपित कर दिया गया और जिससे भूमिज समुदाय में गहरा असंतोष है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 350 (ए) में प्रदत्त स्थानीय जनजातीय भाषाई अधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन है। इसलिए उन्होंने सदन के माध्यम से मांग रखी कि आगामी दसवीं, जेटेट, जेएसएससी की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में भूमिज भाषा को पुनः शामिल किया जाए। जिसपर सदन में जवाब देते हुए मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि लगभग 5 लाख लोग भूमिज समाज से आते हैं और पहले की परीक्षाओं में भूमिज भाषा शामिल थी। परंतु बाद में नियमावली में बदलाव के दौरान यह भाषा सूची से हट गई। उन्होंने बताया कि राज्य में सिविल सेवा की तर्ज पर परीक्षा प्रणाली को सुधारने के लिए 2012 में विशेषज्ञ समिति बनी थी और उसके अनुरूप कई भाषाओं को सम्मिलित किया गया था। इसके बाद फिर परीक्षाओं में भाषा को लेकर विधानसभा की एक समिति भी बनी थी। लेकिन उस समय भी भूमिज भाषा शामिल नहीं की गई। जबकि मंत्री के जवाब के बाद विधायक संजीव सरदार ने दोबारा खड़े होकर कहा कि यदि आदिवासियों की सरकार में ही आदिवासी भाषा का संरक्षण नहीं हुआ तो समाज खत्म हो जाएगा। भूमिज भाषा सूची से हटेगी तो आने वाली पीढ़ियां प्रतियोगी परीक्षाओं से वंचित हो जाएंगी।उन्होंने स्पष्ट कहा कि भूमिज भाषा को परीक्षा सूची में शामिल करना सिर्फ भाषा का नहीं, अस्तित्व, पहचान और सामाजिक सम्मान का मामला है। उनके आग्रह के बाद मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा की निश्चित ही यह मामला जनजातीय समुदाय और उसकी भाषा से जुड़ा है। सरकार इस विषय पर गंभीरता से विचार करेगी।

# लईयो दक्षिणी पंचायत में जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात, दहशत



**रामगढ़, संवाददाता**

मांडू प्रखंड अंतर्गत लईयो दक्षिणी पंचायत में बुधवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने पांच घंटे तक जमकर उत्पात मचाया। हलाकी मौके पर वन विभाग के वनरक्षी सहित कर्मचारियों के पहुंचने के बाद ग्रामीणों का कोई खास नुकसान नहीं हो पाया। बताया जाता है कि रात्री आठ बजे लगभग 25-30 की संख्या में हाथियों का झुंड गोसी बस्ती के समीप पहुंचा। हाथियों ने मिथलेश कुमार महतो, रंजीत महतो सहित अन्य कई किसानों के खेतों में लगे आलू के फसल को नुकसान पहुंचाया। हाथियों का झुंड ने इसके बाद दो ग्रामीणों का चारदिवारी गिरा दिया। काफी । इसके बाद काफी प्रयास के बाद वन विभाग के लोगों ने हाथियों को जंगल की ओर भगा दिया। बहरहाल अभी भी तमाम हाथी गोसी गांव के ऊपरी जंगल में डेरा जमा रखा है, जिसके कारण ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल व्याप्त है। वही जंगल में हाथियों का बसेरा रहने के कारण ग्रामीण जंगल की ओर जाने से परहेज कर रहे है।

# जेएम कॉलेज भुरकुंडा ने रचा इतिहास, फुटबॉल व चेस दोनों में जीती ट्रॉफी

**रामगढ़, संवाददाता**

**बैंड-बाजे के साथ खिलाड़ियों का किया गया भव्य स्वागत**



विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित फुटबॉल एवं चेस प्रतियोगिता में जेएम कॉलेज भुरकुंडा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों प्रतियोगिताओं की विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर गुरुवार को कॉलेज परिसर में विजेता खिलाड़ियों का बैंड-बाजे और जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया गया। छात्रों और कॉलेज स्टाफ ने हिप-हिप हुर्रे जेएम कॉलेज जीत गया के नारों के बीच वीरसा मुंडा चौक से कॉलेज तक विजयी जुलूस निकाला। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्या शीला सिंह ने टीम मैनेजर डा. शिव शंकर सिंह, प्रो. सत्येंद्र नारायण सिंह और खेल प्रशिक्षक हृदय नारायण सिंह समेत सभी खिलाड़ियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर मिठाइयां भी बांटी गईं। प्राचार्या शीला सिंह ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का मान बढ़ाया है। खेल और शिक्षा दोनों में कॉलेज सदैव इनके साथ है। खेल प्रशिक्षक हृदय नारायण सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ मैदान में दबदबा बनाए रखा। हमें विश्वास है कि वे अंतर-विश्वविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में भी चैम्पियन बनेंगे। टीम मैनेजर डॉ. शिव शंकर सिंह और प्रो. सत्येंद्र नारायण सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत रंग लाई है, वे महाविद्यालय की शान हैं। कार्यक्रम में प्राचार्या शीला सिंह, डॉ. विरेन्द्र सिंह, प्रो. सावित्री विश्वकर्मा, प्रो. राम प्रमोद सिंह, प्रो. अरूणजय सिंह, प्रो. सिकन्दर कुमार, प्रो. विजय मिश्रा, प्रो. अंजनी सिंह, दीपक झा, कुंवर रंजीत कुमार सिंह, किशोर कुमार, रंजीत सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, अशोक कुमार, अर्जुन कुमार, बाबूलाल नायक सहित कई शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे। विजेता फुटबॉल टीम में कैप्टन देवराज कुमार बेदिया, राजन कुमार सोरेन, विमल कुमार, हर्ष बेदिया, निकेश्वर बेदिया, जयबीर सिंह, दिनेश दोहरा, आशीष उरांव, रावल बेदिया, संतोष कुमार, अमित कुमार, विकास कुमार, लिपट कुमार, सोनू कुमार, निवेदन भुंडा, अजय कुमार समेत अन्य खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं दूसरी ओर पीटीपीएस कॉलेज पतरातु में आयोजित चेस प्रतियोगिता में जे.एम. कॉलेज की पारुल कुमारी ने हर राउंड में विजय का परचम लहराते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें भी कॉलेज परिवार ने सम्मानित किया। जेएम कॉलेज भुरकुंडा की इस दोहरी जीत से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

# लातेहार कोर्ट ने अफीम तस्करी में संलिप्त तीन अपराधियों को आठ साल की सजा सुनाई

**लातेहार, संवाददाता**

जिला न्यायालय के न्यायाधीश प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा की अदालत ने एक एनडीपीएस के मुकदमे में संलिप्त पाए जाने पर तीनों लोगों पर आठ आठ साल की जेल और पचास पचास हजार रुपए जुमार्ना ठोका है, मामला चंदवा थाना स्थित टोरी स्टेशन की है, और कांड संख्या 8/ 2016 की सुनवाई के उपरांत यह सजा सुनाई गई है,साथ ही जुमार्ना की राशि का भुगतान नहीं करने पर 1- 1साल की सजा और भुगतनी पड़ेगी , इस मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक कमलेश्वर पांडेय के फर्दबयान पर गत 17 जुलाई 2016 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी , चंदवा थाना के थाना प्रभारी कमलेश्वर पांडेय अपनी टीम टोरी रेलवे स्टेशन पर लगाकर तैयार रखी थी , इसी क्रम में तीन संदिग्ध जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन से तीनों अपराधी पुलिस को आगे बढ़ता देखकर भागने लगे, इंतजार कर रहे पुलिस ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ा जो अपना नाम नारायण यादव, महेंद्र यादव एवं लाल बिहारी यादव बताया , पुलिस ने बारी-बारी से तीनों की तलाशी के दौरान एक किलोग्राम अफीम एवं कई आपत्तिजनक सामग्रियां बरामद हुई, न्यायाधीश श्री मिश्रा ने दोनों पक्षों की दलीलें और गवाहों के बयान के आधार पर तीनों आरोपियों नारायण यादव, महेंद्र यादव एवं लाल बिहारी यादव को अफीम तस्करी में सत्य पाया , अदालत ने गुरुवार को एनडीपीएस की धारा 17 बी के तहत इन आरोपियों को 8- 8 साल की सजा एवं 50- 50 हजार रुपए की जुमार्ना का फैसला सुनाया।

# राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025-26 के सफल आयोजन हेतु बैठक



**रामगढ़, संवाददाता**

गुरुवार को श्री संजीत कुमार, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, रामगढ़ की अध्यक्षता में राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025-26 के सफल आयोजन हेतु जिला खेल कार्यालय, रामगढ़ (समाहरणालय, भवन छत्तरमाण्डू, रामगढ़) में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि दिनांक 19.12.2025 को महार्षि परमहंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन, (कोठार) रामगढ़ में जिला स्तरीय युवा महोत्सव के प्रतियोगिता सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, कविता लेखन, चित्रकला, भाषण का आयोजन किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता में वैसे प्रतिभागी जिनकी आयु 15 से 29 वर्ष के बीच हो भाग ले सकते हैं। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी प्रमण्डल स्तरीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे, एवं राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतिभागियों के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 16.12.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक निर्धारित है। प्रतिभागी ऑनलाइन गूगल लिंकhttps://form.svhrt.com/693a72d27191b6b1d8e53e2c पर जाकर पंजीकरण कर सकते है। प्रतियोगिता एवं रजिस्ट्रेशन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय, रामगढ़ के मो॰ 8709816456, महेश प्रसाद मो॰ 9801121528, नितेश कुमार मोदी मो॰ 9135973356 नेहरू युवा केन्द्र, रामगढ़ से सम्पर्क किया जा सकता हैं। उक्त बैठक में श्री रूद्र शेखर, प्रभारी जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत, रामगढ़ राहुल सिंह, डॉ॰ अशोक राम एन0एस0एस0, नितेश कुमार मोदी एवं महेश प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

# भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती मनाने को लेकर बैठक

**रामगढ़, संवाददाता**



अखिल भारतीय नाई समाज समिति पतरातू की बैठक जयनगर में की गई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर एवं संचालन समिति सचिव परमेश्वर ठाकुर के द्वारा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 24 जनवरी 2026 को भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाएं जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं बैठक में गणेश कुमार ठाकुर ने कहा कि जो भी लोग जननायक कपूर्री ठाकुर जी के प्रति सच्ची श्रद्धा रखते है उनके लिए कपूर्री जयंती एक त्यौहार के रूप में है। बैठक में कहा गया कि अगली बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी तथा विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक के अंत में उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया गया तथा सभी को अगली बैठक आगामी 16 दिसंबर 2025 दिन मंगलवार को बिरसा मार्केट शिव मंदिर के प्रांगण में ससमय उपस्थित होने के लिए अनुरोध किया गया। बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ जिला सचिव, लालचंद ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, ललन ठाकुर, आशीष ठाकुर, परमेश्वर ठाकुर, अमित ठाकुर, बसंत ठाकुर, श्यामलाल ठाकुर, राजीव शर्मा, राजेंद्र ठाकुर, बालचंद ठाकुर, दिलीप ठाकुर इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# मां जगदम्बा कोल फैक्ट्री पहुंची जिला परिषद अध्यक्ष, खुले मैदान में कोयला का पोड़ा देख भड़की

## भट्ठी में नही जल रही है आग कर्रवाई निश्चित : सुनिता देवी

**बोकारो, संवाददाता**



बेरमो अनुमंडल के नावाडीह प्रखण्ड स्थित ऊपरघाट अंतर्गत पेंक - नारायणपुर थाना रामाहरिया अवस्थित में संचालित मां जगदम्बा कोल फैक्ट्री गुरूवार को बोकारो जिला परिषद अध्यक्ष सुनिता देवी पहुंची। फैक्ट्री के खुले मैदान में कोयला का लगी भट्ठी को देखकर भड़क गयी और उपस्थित फैक्ट्री के कर्मियों को फटकार लगाते हुए खुले मैदान में लगायी गयी भट्ठी को पानी डालकर बुझाने की बात कही। आगे जिला अध्यक्षया सुनिता देवी ने कही कि किसी भी फैक्ट्री मालिक को भट्ठी में कोयला जलावकर पौड़ा बनवाने का निर्देश प्राप्त है। लेकिन उक्त मालिक नियमों को ताक में रख कर खुले मैदान में पोड़ा बना रहा है और गांव में प्रदुषण फैला रहा है। इसकी शिकायत एसडीएम सहित जिला के वरीय पदाधिकारी से शिकायत की जायेगी। खुब हुआ तू-तें -में-में। फैक्ट्री के बाहर जब फैक्ट्री कर्मियों से खुले मैदान में कोयला का पोड़ा नही लगाने की बात बढ़ी तो तू-तें -में-में हुआ और यहां तक कि एक दुसरे को देख लेने तक बात पहुंच गयी । फिर जिला परिषद की अध्यक्षता सुनिता देवी द्वारा चलने की ईशारा कर अपने समर्थकों के साथ निकल पड़े । मौके पर ऊपरघाट जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी ,चितरंजन साव ,आजसू वरीय नेता टिकैत कुमार महतो ,सांसद प्रतिनिधि दीपू अग्रवाल ,कृष्णा सलेश ,कुंदन साव ,दीपक मंडल सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बीएसएल में 100 टन क्षमता वाली नई लाइम क्रशर यूनिट का उद्घाटन

**बोकारो, संवाददाता**

बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) ने रॉ मटेरियल प्रबंधन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए आरएमपी विभाग के लाइम डिस्चार्ज परिसर में 100 टन प्रतिदिन क्षमता वाली आधुनिक लाइम क्रशर यूनिट की स्थापना की है। इस यूनिट का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन ने किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन) अनूप कुमार दत्त सहित बीएसएल एवं एफएसएनएल के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिशासी निदेशक श्री रंजन ने कहा कि नई क्रशर यूनिट इस्पात उत्पादन प्रक्रिया को अधिक दक्ष, गतिशील और गुणवत्ता-उन्मुख बनाएगी। उन्होंने इस परियोजना से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मियों के प्रयासों की सराहना की और इसे बीएसएल की उत्पादन क्षमता बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। यह यूनिट सिंटर प्लांट के लिए आवश्यक फ्लक्स उत्पादन में अहम भूमिका निभाएगी। कैल्शियम-समृद्ध लाइम से सिंटर की बाइंडिंग स्ट्रेंथ बढ़ेगी, रिटर्न सिंटर की मात्रा कम होगी और ब्लास्ट फर्नेस को उच्च गुणवत्ता वाला सिंटर उपलब्ध होगा, जिससे उत्पादन में सकारात्मक वृद्धि होगी। इसके साथ ही, यह यूनिट आरएमपी के रोटरी किल्न को ह्ललेस ऑफ-टेकह्न स्थिति से सुरक्षित रखते हुए इसकी उत्पादकता और रिफ्रैक्टरी लाइनिंग लाइफ में भी सुधार सुनिश्चित करेगी।

# बोकारो थर्मल क्षेत्र में मवेशी चोरी की बढ़ती घटनाओं से दहशत, ग्रामीणों ने पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग की

**बोकारो, संवाददाता**



बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के गोविंदपुर, बाजारटांड़, नूरीनगर और आसपास के कई इलाकों में इन दिनों मवेशी चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। खासकर नूरीनगर स्थित डीवीसी ऐश पौंड के पास पिछले कुछ हफ्तों में दर्जनों गाय-बैलों के चोरी होने की पुष्टि ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों का आरोप है कि रात के अंधेरे में सक्रिय चोर गिरोह के सदस्य सुनसान इलाकों को निशाना बनाकर गाय-बैलों को चुपचाप कब्जे में ले जाते हैं। भाजपा नेता अशोक कुमार साव ने बताया कि चोरी की गई मवेशियों को कुछ समय तक गिरोह के ठिकाने पर रखा जाता है और फिर गाड़ियों के माध्यम से दूर-दराज के क्षेत्रों में भेज दिया जाता है।

सूत्रों के अनुसार, यह पूरी गतिविधि एक संगठित गिरोह द्वारा योजनाबद्ध तरीके से की जा रही है। चोर पहले मवेशियों को चिन्हित करते हैं और जैसे ही मौका मिलता है, उन्हें उठाकर ले जाते हैं। अब तक दर्जनों मवेशियों के चोरी होने से गरीब किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात में गश्ती बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने और चोर गिरोह को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो चोरी की घटनाएं और बढ़ सकती हैं।

# कसमार में किशोरियों व महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर स्टेकहोल्डर मीटिंग आयोजित



**बोकारो, संवाददाता**

दुगार्पुर पंचायत भवन में सहयोगिनी संस्था द्वारा किशोरियों और महिलाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से स्टेकहोल्डर मीटिंग आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया अमरेश कुमार महतो ने की। उन्होंने महिलाओं और किशोरियों को शिक्षा, अधिकारों और सुरक्षा से संबंधित जानकारी देने पर जोर दिया। समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि संस्था कसमार प्रखंड के 19 गाँवों में किशोरियों के नेतृत्व विकास, जीवन कौशल प्रशिक्षण और योजनाओं से जोड़ने का कार्य कर रही है। सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, मैया सम्मान योजना, कन्यादान, स्कॉलरशिप, साइकिल योजना और कौशल प्रशिक्षण से कई लाभार्थी जुड़ रहे हैं। एनिमेटर बिनीता देवी ने समूह गठन के जरिए सुरक्षा, अधिकार और योजनाओं की जानकारी देने की बात कही। बैठक में पंचायत प्रतिनिधि, सेविका-सहिया एवं महिला समूह की सदस्याएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

